सागर से भी गहरा बन्दे गुरु देव का प्यार है

सागर से भी गहरा बन्दे गुरु देव का प्यार है
देख लगाकर गोता इसमें तेरा बेडा पार है, सागर से भी...
सागर से भी गहरा बन्दे गुरु देव का प्यार है

भव सागर में इक दिन तेरी जीवन नैया डूबेगी
कहते कहते इक दिन तो पतवार भी तेरी टूटेगी
जायेगा उस पार तो कैसे हर तरफ अंधकार है , सागर से भी ...

सौंप दे नैया गुरु देव को वोही पार लगा देंगे
पैर पकड़ ले जाकर के तू सोये भाग्य जगा देंगे
पापी से भी पापी को भी न करते इंकार है, सागर से भी ...

संत समागम हरी कथा भी गुरु कृपा से पाओगे
खुद आएंगे श्याम प्रभु जब गुरु शरण में जाओगेँ
सुनलो भक्तो गुरु कृपा भी ये जीवन बेकार है

सागर से भी गहरा बन्दे गुरुदेव का प्यार है

- Gyan Juneja

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1024/title/sagar-se-bhi-gahara-bande-guru-dev-ka-pyar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |